महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 ईमेल-bsmirgae@gmail.com

# प्रो. निर्मला जैन की पुस्तक 'कथा समय में तीन हमसफर' पर चर्चा

## शनिवार को होगी चर्चा, साहित्य विद्यापीठ का आयोजन

वर्धा दि. 8 दिसंबर 2011: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में शीर्षस्थ आलोचक प्रो. निर्मला जैन की नयी पुस्तक 'कथा समय में तीन हमसफर' पर विश्वविद्यालय के हबीब तनवरी सभागार में 10 दिसंबर (शनिवार) को शाम 4 बजे चर्चा गोष्ठी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति विभूति नारायण राय करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता के रूप में साहित्यकार प्रो. गंगा प्रसाद विमल, प्रो. कुमार पंकज तथा डॉ. रामेश्वर राय उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में प्रो. निर्मला जैन की रचना प्रक्रिया पर विमर्श होगा। विषय प्रवर्तन तथा स्वागत वक्तव्य साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. सूरज पालीवाल करेंगे तथा प्रतिकुलपति प्रो. ए. अरविंदाक्षन आभार व्यक्त करेंगे। इस गोष्ठी में उपस्थित रहने की अपील प्रो. सूरज पालीवाल तथा प्रो. के. के. सिंह ने की है।

बी एस मिरगे
जनसंपर्क अधिकारी